Northern Coalfields Limited
(Govt. of India Mini Ratna Company)
Post- Singrauli Colliery
Distt- Singrauli MP PIN-486889

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक मिनि रत्न प्रतिष्ठान)
पोस्ट सिगंरौली कोलियरी,
जिला- सिगंरौलीम. प्र., पिन 486889

CIN- U10102MP1985GOI003160
Phone: 07805- 266808 (Off) , 266640 (Fax)email: pro@ncl.gov.inwebsite : www.ncl.gov.in
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company

क्रमांक :– एनसीएल/सिंग/प्रे.वि./2016–17/ दिनांक – 31.10.2016

प्रेस विज्ञप्ति

जन सहभागिता से बढ़ेगी पारदर्शिता: श्री आर श्रीकुमार

एनसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

कोल नेट फेज-II का उद्घाटन

कंपनी मुख्यालय सहित परियोजनाओं में सतर्कता दौड़, शपथ सहित कई कार्यक्रम आयोजित

जनता को जागरूक बनाकर एवं उनकी सहभागिता की बदौलत ही सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा दिया जा सकता है और आज के दौर में सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) इस कार्य में अहम भूमिका निभा सकता है। जन सहभागिता के बगैर बेहतर गवर्नेंस संभव नहीं है, क्योंकि आम आदमी ही वास्तविक शासक है। लिहाजा यह आवश्यक है कि सरकार एवं सरकारी संस्थान जनता को अधिक से अधिक जागरूक बनाएं। भारत के पूर्व सतर्कता आयुक्त एवं कर्नाटक के पूर्व पुलिस प्रमुख श्री आर श्रीकुमार ने सोमवार को ये बातें कहीं। वे एनसीएल मुख्यालय स्थित अधिकारी मनोरंजन गृह में 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' के उद्घाटन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम 'ईमानदारी को प्रोत्साहन देने तथा भ्रष्टाचार उन्मूलन में जन सहभागिता' रखी है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री तापस कुमार नाग ने कहा कि आम आदमी को जानने का अधिकार है और यह बात काफी मायने रखती है कि किसी भी संस्थान के स्टेकहोल्डर्स (हितग्राही) उसके बारे में क्या सोचते हैं। जन अपेक्षाओं की अहमियत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यदि हम गलत नहीं कर रहे हैं तो हमें जनता के सामने जाने या उनसे चीजों को साझा करने में झिझक नहीं होनी चाहिए। सतर्कता विभाग द्वारा निवारक सतर्कता (preventive vigilance) बढ़ावा दिए जाने हेतु उन्होंने सतर्कता विभाग द्वारा किए जा रहे पहलों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इससे अनजाने में या जानकारी के अभाव में हो रही गलतियों से सतर्क होने की सीख मिलती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) सुश्री शांतिलता साहू ने जोर देकर कहा कि तय नियमों एवं गाइडलाइन के तहत कार्य करके ही सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा दिया जा सकता है।

अपने उद्बोधन में एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री के पी वेंटकेश्वर राव ने कहा कि किसी भी संस्थान में विजिलेंस एवं मैनेजमेंट एक-दूसरे के पूरक होते हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आम आदमी एवं प्राइवेट सेक्टर कर्मियों के लिए भी सतर्कता शपथ दिलाई गई है, जो भ्रष्टाचार पर काबू पाने की दिशा में जन सहभागिता की ओर एक नया कदम है। उन्होंने कहा कि आईटी के उपयोग से भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों में काफी कमी आई है, क्योंकि इसमें मानवीय दखल कम होता है और इससे समय एवं धन की बचत होती है। उन्होंने कहा कि एनसीएल में ई-प्रोक्योरमेंट, रिवर्स ऑक्शन, ई-टेंडरिंग, कोलनेट, ओआईटीडीएस, सीसीटीवी, जीपीएस आधारित वीइकल ट्रैकिंग सिस्टम, फ्यूल मैनेजमेंट सिस्टम, लैंड रेकॉर्ड्स का डिजिटाइजेशन जैसी सेवाएं लागू कर एनसीएल में निवारक सतर्कता को नई ऊंचाई दी गई है।

एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री गुणाधर पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम पब्लिक मनी का इस्तेमाल करते हैं, लिहाजा इसके लिए सतर्कता बरता जाना बहुत जरूरी है। रिवर्स ऑक्शन टेंडरिंग प्रकिया की विशेष सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पब्लिक मनी और समय की काफी बचत होती है।

निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री जे एल सिंह ने कहा कि आईटी और ई-ऑफिस के उपयोग से बेहतर गवर्नेंस को बढ़ावा दिए जाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की परिभाषा व्यापक है और कामकाज में समयनिष्ठा का पालन नहीं करना भी भ्रष्टाचार है।

कोल नेट फेज-II का उद्घाटन

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन समारोह में कोल नेट फेज-II का उद्घाटन किया गया। ईआरपी कोल नेट एक इंडीग्रेडेट एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर पैकेज है, जिसके लागू होने से कंपनी के सभी तरह के कार्यों का ऑनलाइन डेटाबेस तैयार होगा। फेज II में मटीरियल मैनेजमेंट, प्रॉडक्शन एंड सेल्स मॉड्यूल को सोमवार को लॉन्च किया गया। पहले चरण में कोल नेट के 3 मॉड्यूल पूरे कर लिए गए हैं, जिनमें पर्सनल इन्फॉर्मेशन सिस्टम

(पीआईएस), फाइनैंस इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एफआईएस) तथा पे रोल मॉड्यूल को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है।

कोल नेट के इस्तेमाल से कोयले एवं ओवर बर्डेन (ओबी) की रिपोर्टिंग, कोल डिलिवरी ऑर्डर जारी किए जाने, सामान का लेनदेन, पे रोल बनाने का कार्य, बिलिंग आदि का कार्य कोल नेट के जरिये किए जाने से प्रोसेस आसान होगा और कार्य का निबटारा तेज गति से होगा। कोल नेट को विशेष रूप में कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया एवं उसकी अनुषंगी कंपनियों की जरूरतों को देखते हुए तैयार कराया गया है, ताकि कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में कार्यों के समन्वय में एकरूपता हासिल की जा सके।

पत्रिकाओं का हुआ विमोचन

कार्यक्रम में एनसीएल सतर्कता विभाग द्वारा तैयार सतर्कता पत्रिका “विज टेकमार्च’, एनसीएल की गृह पत्रिका “खनिज ऊर्जा” के सतर्कता विशेषांक तथा ‘डूज एंड डॉन्ट्स’ नामक पुस्तिका का विमोचन किया गया।

विजिलेंस एक्सिलेंस अवॉर्ड

कार्यक्रम के दौरान एनसीएल एवं कंपनी की विभिन्न परियोजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं टीमों को विजिलेंस एक्सिलेंस अवॉर्ड से नवाजा गया।

सतर्कता दौड़ एवं शपथ

एनसीएल में सकर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत सतर्कता दौड़ से हुई। एनसीएल मुख्यालय में सीवीओ श्री के पी वेंकटेश्वर राव ने हरी झंडी दिखाकर स्कूली बच्चों की दौड़ को रवाना किया। कंपनी मुख्यालय में सीएमडी ने कर्मियों को सतर्कता शपथ दिलाई।

परियोजनाओं में भी भव्य कार्यक्रम

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के शुभारंभ का कार्यक्रम एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं यूनिटों में भी धूमधाम से मनाया गया। परियोजनाओं में सतर्कता दौड़ एवं सतर्कता शपथ सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गौरतलब है कि एनसीएल में 05 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह चलेगा, जिनके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

(सीरज कुमार सिंह)

Northern Coalfields Limited
(Govt. of India Mini Ratna Company)
Post- Singrauli Colliery
Distt- Singrauli MP PIN-486889

नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत सरकार का एक मिनि रत्न प्रतिष्ठान)
पोस्ट सिगंरौली कोलियरी,
जिला- सिगंरौलीम. प्र., पिन 486889

CIN- U10102MP1985GOI003160
Phone: 07805- 266808 (Off) , 266640 (Fax)email: pro@ncl.gov.inwebsite : www.ncl.gov.in
An ISO: 9001, ISO: 14001 & OHSAS: 18001 Certified Company

जनसंपर्क अधिकारी